8/2014

## संकलित परीक्षा-I (कक्षा - दसवीं)

### विषय : हिन्दी 'ब'

### सैट - 'क'

समय : 3 घंटे

पूर्णांक : 90

निर्देश :

(i) इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं - क, ख, ग और घ।

(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

### (खण्ड-क)

### (अपठित बोध)

प्र1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के दीजिए :

राष्ट्रीय स्वतन्त्रता आन्दोलन नारी स्वतन्त्रता के लिए वरदान बनकर आया। राजा राममोहन राय, स्वामी दयानन्द, महात्मा गांधी, महर्षि कर्वे जैसे महान समाज सुधारकों और विचारकों ने नारी की गरिमा को पुनः प्रतिष्ठापित करने में महान योगदान दिया। उन्होंने समाज को कुरीतियों से छुटकारा दिलाने के लिए कट्टरपंथियों से संघर्ष किया। परिणामस्वरूप समाज में जागृति आई। नारी शिक्षा के प्रति जागरुकता आई और नारी परदे को त्यागकर, घर की चारदीवारी को लाँघकर स्वाधीनता आन्दोलन में कूद पड़ी। पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उसने संघर्ष किया। जेल गईं, लाठियाँ खाईं और अन्त में स्वाधीनता की पहली किरण नारियों के जीवन में उन्नति और प्राचीन गरिमा का संदेश लेकर आई। नारियों को अपने अस्तित्व और अपनी शक्ति का बोध हुआ और उनकी स्थिति में परिवर्तन आने लगा।

वर्तमान युग नारी स्वातन्त्र्य का युग है। विश्व के प्रत्येक भाग में आज सदियों से शोषण का शिकार नारी पुरुष के सामने खड़ी है। शिक्षा के प्रचार-प्रसार के साथ ही उनमें आत्मविश्वास बढ़ा है। आज इसी आत्मविश्वास एवं जागृति का परिणाम है कि नारी प्रत्येक कठिन कार्य को चाहे वह वैज्ञानिक क्षेत्र में हो या तकनीकी क्षेत्र में अथवा राजनीतिक और प्रशासनिक क्षेत्र में हो, उसे उसी योग्यता और दक्षता से पूर्ण कर रही है, जिस योग्यता से पुरुष कर सकते हैं। दूसरे शब्दों में, ऐसा कोई कार्य नहीं जिसे पुरुष कर सकते हैं और नारियाँ नहीं कर सकतीं। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय समस्याओं के समाधान भी नारियों के सहयोग के बिना पूर्ण नहीं हो सकते।

आज नारी राष्ट्र-निर्माण में पूर्ण सहयोग दे रही है। घर में वह अपने बच्चों को राष्ट्र का अच्छा नागरिक बनाने के लिए उन्हें प्रेरणा और उचित मार्गदर्शन दे रही है तो दूसरी ओर वह राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक समस्याओं के समाधान में भी हाथ बँटा रही है। प्रशासनिक क्षेत्रों में वह प्रधानमंत्री तक के दायित्व को सफलतापूर्वक निभा चुकी है और देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने से पीछे नहीं हटी। आज शिक्षा, चिकित्सा, प्रशासन, व्यापार, नृत्य-संगीत, पर्वतारोहण, खेलकूद, मनोरंजन, राजनीति, न्यायालय, विश्वविद्यालय ऐसा कौन-सा स्थान है जहाँ नारियों का योगदान नहीं है। अब तो सेना और पुलिस में भी महिलाएँ कार्यरत हैं तथा अपनी कर्मठता और धैर्य का परिचय दे रही हैं। इतना ही नहीं सत्य तो यह है कि राष्ट्र-निर्माण के सभी क्षेत्रों में भारतीय महिलाएँ सक्रिय हैं।

(क) स्वतन्त्रता आन्दोलन किसके लिए वरदान बनकर आया? (1)

(ख) नारी की गरिमा को पुनः प्रतिष्ठापित करने में किन-किन का योगदान रहा? और इसका क्या प्रभाव पड़ा? (2)

(ग) वर्तमान युग में नारी की क्या स्थिति है? (2)

(घ) आज नारी किन-किन क्षेत्रों में काम कर रही है? (2)

(ङ) राष्ट्र-निर्माण में नारी का क्या योगदान है? (2)

(च) गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिए। (1)

(छ) संरचना के आधार पर वाक्य भेद बताइए : (1)

सत्य तो यह है कि राष्ट्र-निर्माण के सभी क्षेत्रों में महिलाएँ सक्रिय हैं।

(ज) निम्नलिखित समस्त-पद का समास-विग्रह करके भेद बताइए : (1)

प्रचार-प्रसार

प्र2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

हिन्दी भारत माँ की बोली,
माँ के दूध-सी, मिश्री घोली।
उसके सब हैं, वह है सबकी,
जैसे रिश्ता दामन-चोली।
अपनों से पहचान कराती,
अपनों को समीप ले आती।
युग-युग की पहचान है साथी,
तेरी-मेरी सबकी धाती।
नदियों में ज्यों गंगा पावन,
हिन्दी त्यों भारत माँ की बोली।
राष्ट्र की माला का मोती,
अंधकार में जलती ज्योति।
संस्कृत-सुता, माँ बेटी की रीति,
एकता सुमन पिरोती, यही है इसकी नीति।
हर भाषा की चंदन रोली,
हिन्दी भारत माँ की बोली।

बने न यह विवाद की भाषा,
यह तो है संवाद की भाषा।
क्रान्ति और सुधार की भाषा,
भक्ति और प्यार की भाषा।
देश-देश की माँ मुँह बोली,
हिन्दी भारत माँ की बोली।
उसके सब हैं, वह है सबकी,
जैसा रिश्ता दामन-चोली।

(क) हिन्दी की तुलना मिश्री से क्यों की गई है? (1)

(ख) हिन्दी और गंगा में क्या समानता दिखाई गई है? (1)

(ग) कवि की क्या इच्छा है? (1)

(घ) हिन्दी को संस्कृत की पुत्री क्यों कहा गया है? (1)

(ङ) हिन्दी भाषा की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। (1)

(च) कविता की किन पंक्तियों से यह ज्ञात होता है कि हिन्दी जन-जन में एकता के भाव भरती है। (1)

(छ) उपर्युक्त काव्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। (1)

(ज) 'अनुप्रास' एवं 'पुनरुक्ति प्रकाश' अलंकार का एक-एक उदाहरण छाँटकर लिखिए। (1)

## (खण्ड-ख)

## (व्यावहारिक व्याकरण)

प्र3. (क) 'शब्द' और 'पद' में सोदाहरण अन्तर स्पष्ट कीजिए। (1)

(ख) 'आज भारत-पाकिस्तान के बीच मैच होगा।' - वाक्य से एक 'शब्द' एवं एक 'पद' छाँटकर लिखिए। (1)

प्र4. निर्देशानुसार वाक्य रूपान्तरित कीजिए - (3)

(क) नीतू ने कविता लिखकर पुरस्कार प्राप्त किया। (संयुक्त वाक्य में)

(ख) कोई ऐसा गीत गाओ जिसमें देश-प्रेम की भावना हो। (सरल वाक्य में)

(ग) चोर ने सोने की चेन खींची और सुचित्रा ने उसे पकड़ लिया। (मिश्र वाक्य में)

प्र5. (क) समस्तपद का विग्रह करके समास का नाम लिखिए - (2)

(i) महात्मा, (ii) यश-अपयश

(ख) समस्तपद बनाकर समास-भेद बताइए - (2)

(i) दश है आनन जिसके अर्थात् रावण, (ii) चार राहों का समूह

प्र6. निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए : (4)

(क) यह असली गाय का घी है।

(ख) सज्जन पुरुष सबका भला चाहते हैं।

(ग) यह कार्य हमें किया है।

(घ) पिताजी ने हस्ताक्षर कर दिया।

प्र7. निम्नलिखित मुहावरों का इस प्रकार वाक्य में प्रयोग कीजिए कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए : (2)

(क) अपना उल्लू सीधा करना

(ख) आग में घी डालना

## (खण्ड-ग)

## (पाठ्य-पुस्तक)

प्र8. पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (2+2+1)

(क) बड़े भाई साहब दिमाग को आराम देने के लिए क्या करते थे?

(ख) निकोबार के लोग ततँरा को क्यों पसंद करते थे? पाठ 'ततँरा-वामीरो कथा' के आधार पर लिखिए।

(ग) 'डायरी का एक पन्ना' पाठ किस घटना का स्मरण कराता है?

प्र9. डायरी-लेखन मनुष्य का मार्गदर्शन करता है। अपने अनुभव के आधार पर बताइए कि जब आपके द्वारा लिखी गई डायरी ने आपका मार्गदर्शन किया हो। (5)

प्र10. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के दीजिए : (2+2+1)

"लेकिन शैलेन्द्र परिवर्तन के लिए तैयार नहीं हुए। उनका दृढ़ मंतव्य था कि दर्शकों को रूचि की आड़ में हमें उथलेपन को उन पर नहीं थोपना चाहिए। कलाकार का यह कर्त्तव्य भी है कि वह उपभोक्ता की रुचियों का परिष्कार करने का प्रयत्न करे। और उनका यकीन गलत नहीं था। यही नहीं, वे बहुत अच्छे गीत भी जो उन्होंने लिखे बेहद लोकप्रिय हुए। शैलेन्द्र ने झूठे अभिजात्य को कभी नहीं अपनाया। उनके गीत भाव-प्रवण थे - दुरूह नहीं। 'मेरा जूता है जापानी, ये पतलून इंगलिस्तानी, सर पे लाल टोपी रूसी, फिर भी दिल है हिन्दुस्तानी' - यह गीत शैलेन्द्र ही लिख सकते थे। शान्त नदी का प्रवाह और समुद्र की गहराई लिए हुए। यही विशेषता उनकी जिंदगी की थी और यही उन्होंने अपनी फिल्म के द्वारा भी साबित किया था।"

(क) शैलेन्द्र गीत में परिवर्तन क्यों नहीं करना चाहते थे?

(ख) गद्यांश के आधार पर शैलेन्द्र के गीतों की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ग) शैलेन्द्र के अनुसार सच्चे कलाकार का क्या कर्त्तव्य होता है?

प्र11. पठित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (2+2+1)

(क) 'जब मैं था' का क्या अभिप्राय है? मैं के रहते हरि क्यों नहीं रहते? कबीर की पठित साखी के आधार पर लिखिए।

(ख) मीराबाई श्याम की चाकरी क्यों करना चाहती हैं?

(ग) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार बताइए कि कवि ने तालाब की समानता किसके साथ दिखाई है और क्यों?

प्र12. 'धरोहर' एवं 'प्रतीक' हमें हमारी संस्कृति से जोड़ते हैं। साथ ही वे हमें हमारे पूर्वजों द्वारा की गई गलतियों एवं उपलब्धियों से भी परिचित करवाती हैं? क्या आपके पास भी अपने पूर्वजों से प्राप्त कोई धरोहर है और आपने उससे क्या सीखा? (5)

प्र13. 'हरिहर काका' कहानी के किस पात्र ने आपको सर्वाधिक प्रभावित किया? आप उसके किन गुणों को अपने जीवन में उतारना चाहोगे और क्यों? (5)

## (खण्ड-घ)

## (लेखन)

प्र14. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर किसी एक विषय पर 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए :- (5)

(क) आधुनिक युग और समाचार-पत्र

- समाचार-पत्र का परिचय
- समाचार-पत्र का अर्थ एवं प्रकार
- समाचार-पत्रों की उपयोगिता
- उपसंहार

(ख) प्रगति की ओर भारत के कदम

- भारत का सूर्योदय
- अमरीका भारत की आर्थिक प्रगति से चिंतित
- कंप्यूटर सॉफ्टवेयर में भारत का दबदबा
- भारत के उद्योग-धंधे विकास की ओर

(ग) मधुर वचन है औषधि

- मधुर वचनों का महत्त्व
- मधुर वचन से लाभ
- कटु भाषी व्यक्ति निंदा का पात्र
- मधुर वचन महापुरुषों का आभूषण
- उपसंहार

प्र15. आपके निकट के अस्पताल में आवश्यक उपकरणों एवं औषधियों के अभाव के कारण रोगियों को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या की ओर अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करने के लिए किसी समाचार-पत्र के सम्पादक को पत्र लिखिए। (5)

प्र16. आपके विद्यालय में हिन्दी सप्ताह मनाया जा रहा है। पूरे सप्ताह में होने वाले कार्यक्रमों की सूचना देने के लिए एक सूचना-पत्र तैयार कीजिए। (5)

प्र17. सड़क पर बढ़ते यातायात के साधनों से उत्पन्न समस्याओं के विषय में दो मित्रों के बीच होने वाली बातचीत को लगभग 50 शब्दों में संवाद के रूप में लिखिए। (5)

प्र18. किसी कम्पनी द्वारा लगाई गई साड़ियों की सेल के लिए 25 से 30 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। (5)